


# चर्चा में हुई पाम संडे की आराधना 3 अप्रैल को मनेगा गुड फ्राइडे

- मसीही चर्च से निकली यात्रा,
- शामिल हुए हजारों समाजजन

**उज्जैन। ईसाई समुदाय के प्रार्थना भवन चर्चों में रविवार को समाज जनों द्वारा खजूर की डालियां थाम कर पाम संडे की आराधना की। पाम संडे का पर्व ईसा मसीह के यरुशलम नगर में प्रवेश को याद करते हुए मनाया जाता है। 3 अप्रैल को ईसाई समुदाय गुड फ्राइडे की प्रार्थना सभा में शामिल होगा।**

पाम संडे पर मरिया नगर स्थित कैथोलिक चर्च में सुबह 8 बजे आर्च बिशप सेबास्ट्रियन वडक्केल द्वारा खजूर की डालियों को आशिषीत किया गया और समाजजनों को सौंपी। उसके बाद आराधना शुरू हुई और पवित्र बलिदान हुआ। पाम संडे का पर्व गुड फ्राइडे से पहले ईसा मसीह के यरुशलम में प्रवेश का दिन है जिस समाजजनों द्वारा अपने प्रभु के अभिवादन के रूप में मनाया जाता है। मसीही चर्च से भी पाम संडे की यात्रा निकाली गई जिसमें समाजजन शामिल हुए। ईसाई समुदाय 3 अप्रैल को अपने प्रभु यीशु के सूली पर चढ़ाए जाने का दिन गुड फ्राइडे के रूप में मनाएगा। कैथोलिक चर्च में दोपहर 3 बजे क्रूस यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद पवित्र आराधना होगी जिसमें ईसा मसीह द्वारा सूली पर चढ़ाए जाने के बाद दिए गए सात वचनों का अनुसरण समाज जनों द्वारा किया जाएगा गुड फ्राइडे का पर्व नम आंखों के साथ मनाया जाएगा। वहीं 5 अप्रैल को समाजजन ईस्टर संडे की आराधना करेंगे इस दिन प्रभु यीशु मृतकों में से जी उठे थे।



### 2 अप्रैल को पैर प्रक्षालन की विधि

आज से ईसाई समुदाय द्वारा दुख भोग सप्ताह मनाया जाएगा। यह 7 दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने के समय का स्मरण होगा। गुड फ्राइडे से पहले 1 अप्रैल को कैथोलिक चर्च में पश्चाताप की धर्म विधि और पवित्र बलिदान के साथ पाप स्वीकार करने का अवसर होगा। वही 2 अप्रैल को आर्च बिशप सेबास्ट्रियन वडक्केल द्वारा पैर प्रक्षालन की विधि दोहराई जाएगी। सूली पर चढ़ाये जाने से पहले प्रभु यीशु ने भी अपने चेलों के पैर धोए थे इसी विधि को चर्च में आर्च बिशप द्वारा समाजजनों के पैर धोकर पूरा किया जाएगा। 2 अप्रैल को ही रात्रि 9 बजे से 12 तक पवित्र आराधना होगी और पास्का भोज होगा।

# स्वास्थ्य शिविर में टैक्स जमा करवाने करदाताओं की भीड़

**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा शहर में प्रशासनिक और जनहित से जुड़े कार्यों को लेकर दो महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। एक ओर कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, वहीं दूसरी ओर करदाताओं को बकाया संपत्तिकर एवं जलकर जमा कराने के लिए विशेष छूट का लाभ लेने की अपील की गई है।

साथ ही नगर निगम उज्जैन द्वारा नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत बकाया संपत्तिकर एवं जलकर जमा कराने पर अधिभार (सरचार्ज) में दी जा रही विशेष छूट का लाभ लेने के लिए नागरिकों से अपील की गई है। यह छूट 31 मार्च 2026 तक लागू है और इसका लाभ लेने के लिए अब अंतिम दो दिन शेष हैं। निगम ने करदाताओं से आग्रह किया है कि वे शीघ्र अपना बकाया कर जमा कर इस विशेष छूट का लाभ उठाएं। नेशनल लोक अदालत के तहत संपत्तिकर के मामलों में जिन प्रकरणों में कर एवं



अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। जिन प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक और 1 लाख रुपये तक है, उनमें अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। वहीं जिन प्रकरणों में बकाया राशि 1 लाख रुपये से अधिक है, उनमें अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार जलकर, उपभोक्ता प्रभार के मामलों में 10 हजार रुपये तक की बकाया राशि पर अधिभार में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। 10 हजार से अधिक और 50 हजार रुपये तक के बकाया प्रकरणों में अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट तथा 50 हजार रुपये से अधिक बकाया होने पर अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। यह छूट केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी। महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, राजस्व विभाग प्रभारी रजत मेहता एवं जलकार्य एवं सीवरेज प्रभारी प्रकाश शर्मा ने शहर के करदाताओं से अपील की है कि जिन नागरिकों ने अभी तक अपना बकाया संपत्तिकर एवं जलकर जमा नहीं कराया है, वे नेशनल लोक अदालत के तहत दी जा रही इस विशेष छूट का लाभ उठाएं और अपना बकाया कर जमा कर शहर के विकास में सहयोग करें।

### संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर

संकल्प से समाधान अभियान के समापन अवसर पर नगर निगम उज्जैन द्वारा अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, देवास के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर निगम के 300 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में विभिन्न रोगों की विशेषज्ञ जांच की व्यवस्था की गई थी। इसमें नेत्र रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, क्षय एवं छाती रोग, नाक-कान-गला रोग, मनोरोग तथा हड्डी रोग से संबंधित जांचें की गईं। विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कर्मचारियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया तथा उन्हें नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच के माध्यम से बीमारियों की रोकथाम करना था।


## सुमेर सिंह सोलंकी बने नगर अध्यक्ष

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश, उज्जैन संभाग अध्यक्ष मनोज जैन की सहमति और जिला अध्यक्ष डॉ. राहुल कटारिया की अनुशंसा पर पत्रकार सुमेर सिंह सोलंकी को उज्जैन नगर इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला महासचिव घनश्याम शर्मा ने बताया कि सोलंकी की इस नियुक्ति से स्थानीय संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा। उनके नगर अध्यक्ष बनने पर ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## एआई से कम समय में होगा बैंक ऑडिट, धोखाधड़ी रोकने पर मंथन

**उज्जैन।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ऑडिटिंग एश्योरेंस एंड स्टैंडर्ड्स बोर्ड के अंतर्गत उज्जैन सीए ब्रांच द्वारा स्टैच्यूटरी बैंक ब्रांच ऑडिट विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया।

ब्रांच चेयरमैन सीए आशीष तोतला ने बताया कि प्रतिवर्ष बैंकों का स्टैच्यूटरी ऑडिट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा किया जाता है। सीए सदस्यों को ऑडिट से संबंधित नवीनतम अपडेट और तकनीकी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। सेमिनार में प्रेमनाथ और राहुल उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान में वित्तीय धोखाधड़ी के नए तरीके सामने आने से बैंक ऑडिट अत्यंत चुनौतीपूर्ण हो गया है। उन्होंने समझाया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के माध्यम से कम समय में अधिक सटीक ऑडिट कैसे किया जा सकता है। कार्यस्त्र5म का संचालन सीए आतुश जैन और सीए अनीश चौधरी ने किया। अतिथियों का सम्मान सीए आकृत जैन और सीए मनीष राठी ने किया। यह सेमिनार उपस्थित सीए सदस्यों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।



## समाजसेवी सज्जन सिंह पंवार का निधन

**उज्जैन।** समीपस्थ ग्राम कल्याणपुरा निवासी वरिष्ठ समाजसेवी किशोर सिंह पंवार के पिता सज्जन सिंह पंवार का स्वर्गवास हो गया है। वे शिवराज बना कल्याणपुरा के दादाजी और दिग्गी बना के अन्नदाता थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही ईष्ट मित्रों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर छा गई। उनकी अंतिम यात्रा 29 मार्च को सुबह ग्राम कल्याणपुरा स्थित उनके निज निवास से निकली। मुखाग्नि उनके पुत्र ने दी। वहीं शोकसभा में सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एक नजर में



## रामनवमी उत्सव में राष्ट्रीय धाविका का सम्मान

**उज्जैन।** अलखधाम नगर स्थित साईं मंदिर में साईं सेवा समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय रामनवमी उत्सव के दूसरे दिन विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसी अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभावान धाविका स्तुति का बहुमान भी किया गया। ट्रस्टी ओम बंसल ने बताया कि 28 मार्च शनिवार को शाम 7 बजे से भंडारा प्रसादी का आयोजन रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सपरिवार उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की। इस दो दिवसीय आयोजन के दौरान खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इंदौर की प्रतिभावान राष्ट्रीय एथलीट स्तुति जायसवाल का साईं मंदिर परिसर में विशेष सम्मान किया गया। स्तुति ने हाल ही में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक सहित कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। समिति द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें उपहार स्वरूप शंख भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान धाविका का स्वागत और सम्मान साईं सेवा समिति के ट्रस्टी ओम बंसल, ट्रस्टी अनूप सिंघल, अध्यक्ष रमेश परवाल, दीपक बेलानी, प्रेमसिंह यादव, हेमेंद्र खंडेलवाल, सुरेंद्र मालवीय, सत्यनारायण शर्मा, रेखा गुप्ता, नेहा मोटवानी और गीतांजलि सोलगांवकर द्वारा किया गया।



## टैलेंट कैंप में उज्जैन की लक्षिता का चयन

**उज्जैन।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा पुणे में आयोजित होने वाले जिम्नास्टिक टैलेंट कैंप के लिए उज्जैन की प्रतिभावान खिलाड़ी लक्षिता मेवाड़ा का अंडर-12 वर्ग में चयन हुआ है। यह विशेष कैंप 31 मार्च से 20 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर की यह उदीयमान खिलाड़ी सहभागिता करेगी। जिला जिम्नास्टिक संगठन के अध्यक्ष सावन बजाज और सचिव ओपी शर्मा ने यह जानकारी दी। लक्षिता की इस राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि पर संस्था के संरक्षक नारायण यादव और कलावती यादव सहित एमजी सुपेकर, केके खंडेलवाल, सुनील यादव, राकेश खींची, महेंद्र राजपूत, नरेंद्र श्रीवास्तव, प्रशिक्षक मनोहर शर्मा, राजकुमार सोलंकी, अविनाश श्रीवास, पुरुषोत्तम पटेल, दिलीप चौहान एवं समस्त जिला जिम्नास्टिक परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है।

## संदीप जैन पत्रकार परिषद अवार्ड से सम्मानित

उज्जैन। युवा पत्रकार एवं कवि संदीप सृजन को उनकी उल्लेखनीय पत्रकारिता के लिए सामाजिक संस्था जैन पत्रकार परिषद ने अवार्ड देकर सम्मानित किया है। शंकराचार्य मठ में रविवार 29 मार्च को आचार्य विश्वरत्नसागरसूरि और मुनि तीर्थरत्नसागर के सानिध्य में अवार्ड समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजन के लाभार्थी राजस्थान निवासी बाबूलाल धनराज डोडिया गांधी परिवार की ओर से समाजसेवी संजय नाहर और जैन पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक दुग्गड ने संदीप सृजन को रजत सिक्का और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मप्र लेखक संघ उज्जैन के सचिव डॉ. हरीशकुमार सिंह ने बताया कि संदीप सृजन विगत बीस वर्षों से साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में इंटरनेट पत्रकारिता व नेट ब्लॉगिंग के लिए उन्हें मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी का अखिल भारतीय नारदमुनि पुरस्कार तथा हिंदी-मालवी बोली में लेखन के लिए मध्यप्रदेश लेखक संघ का डॉ. देवेन्द्र जोशी स्मृति सम्मान सहित कई अन्य सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। संदीप सृजन की अब तक देश-विदेश के हजारों साहित्यकारों और कवियों की रचनाएं प्रकाशित की जा चुकी हैं।

## मन की बात कार्यक्रम भाजपाइयों ने सुना

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय लोकशक्ति भवन पर प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल सहित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना।



प्रधानमंत्री की मन की बात सुनते हुए, नए भारत के निर्माण का संकल्प और भी दृढ़ हुआ। भाजपा कार्यालय में प्रभारी मंत्री ने मोदी के विचारों को प्रसारण के माध्यम से सुनने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम के माध्यम से हम सबको उनके दूरदर्शी नवाचार विचारों से प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि देश के प्रति उनकी दूरदर्शी सोच, आमजन से उनका सीधा जुड़ाव और मन की बात न केवल एक संवाद है बल्कि, यह देशवासियों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, ओम जैन, आनन्दसिंह खींची, मुकेश यादव, दिनेश जाटवा, कल्याण शिवहरे, अनिल शिंदे, प्रकाश यादव सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अहमदाबाद में चोरी कर फरार आरोपी उज्जैन में पकड़ाया

- वृद्ध महिला के साथ हुई ठगी की वारदात में शामिल था आरोपी

**उज्जैन।** वृद्ध महिला के साथ हुई ठगी की वारदात में शामिल आरोपियों की तलाश में निकली देवासगेट थाना पुलिस को मुज्जफरपुर का संदिग्ध मिला। पूछताछ करने पर उससे अहमदाबाद से चुराई एक्टिवा और मोबाइल चोरी का खुलासा हो गया। आरोपी के गिरफ्त में आने की सूचना मिलने पर अहमदाबाद पुलिस उज्जैन पहुंची और आरोपी को अपने साथ ले गई।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पराशर शुक्रवार शाम थाना क्षेत्र में वृद्ध महिला के साथ हुई कान के टॉप्स ठगने की वारदात में शामिल 2 बदमाशों की तलाश में टीम के साथ क्षेत्र में कैमरों के फुटेज देखे जा रहे थे और संदिग्धों की तलाश की जा रही थी। उसी दौरान शनिवार को रेलवे स्टेशन के सामने होटल प्रीति पर एक संदिग्ध युवक मोबाइल पर बात करता दिखाई दिया। थाना प्रभारी ने शंका के आधार पर पूछताछ की तो वह होटल पर काम की तलाश में आना बताने लगा। उसकी भाषा बिहारी होने पर थाने लाया गया जहां उसका नाम मोह हननैन पिता मोहम्मद हुसैन 18 साल निवासी छोटी कल्याणी अमर सिनेमा रोड मुज्जफरपुर बिहार सामने आया। उससे सख्त पूछताछ की गई तो उसने अहमदाबाद से एक्टिवा और आईफोन चोरी करना कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह अहमदाबाद में इजहार सय्यैद की सोड़ा शॉप पर काम करता था। मालिक की एक्टिवा और मोबाइल चोरी कर भागा है। एक्टिवा अहमदाबाद रेलवे स्टेशन की पार्किंग में खड़ी की है। थाना प्रभारी पाराशर ने अहमदाबाद पुलिस से संपर्क किया तो पता चला मोह हसनैन के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज है। थाना प्रभारी पाराशर के अनुसार संबंधित थाना पुलिस को आरोपी के उज्जैन में पकड़ाने की सूचना दी गई।



### हरसिद्धि के पास मिली वृद्ध महिला की लाश

उज्जैन। घर से अलग रहकर भिक्षावृत्ति करने वाली वृद्धा की लाश हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र से मिलना सामने आई है। रविवार सुबह पुलिस ने वृद्धा का पोस्टमार्टम करवाया। वृद्धा की पहचान शव मिलने के कुछ देर बाद ही हो गई थी। छोटी कमल कॉलोनी में रहने वाली सुमनबाई पति भंवरसिंह परिहार 70 साल की दिमागी स्थिति ठीक नहीं थी। पोता सचिन फूल-प्रसादी की दुकान भी लगाता है। सचिन के दोस्त अभिषेक ने मोबाइल पर सूचना दी कि उसकी दादी सड़क किनारे पड़ी हुई है। सचिन मौके पर पहुंचा जब तक मौत हो चुकी थी।

# वास्तु सलाहकार जैन आचार्य वराहमिहिर सम्मान से अलंकृत

**उज्जैन।** खगोलविद् आचार्य वराहमिहिर की जयंती पर शहर के साहित्यकारों ने हर्षोल्लास के साथ उन्हें स्मरण किया। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के वाग्देवी भवन सभागृह में विचार क्रांति साहित्य मंच कायथा ने जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया।

संस्था अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने बताया कि समारोह कुलानुशासक प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता, तुलसीदास परोहा, प्रेमचंद मुकेश जोशी, श्रीकृष्ण जोशी और जगदीश शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आचार्य वराहमिहिर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर परिचर्चा की गई। इस दौरान ज्योतिर्विद पारस जैन को आचार्य वराहमिहिर सम्मान 2026 से अलंकृत किया गया। व्यंग्यकार शशांक दुबे और जीएल निगम ने साहित्यकारों का सम्मान किया। मुकेश जोशी, मदनलाल राठौर, कृष्ण कान्त नागर, राजेश जैन और सेजमल कछवाय ने सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्था प्रमुख सुगनचंद जैन ने काव्यमय प्रस्तुति के साथ आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विचार क्रांति साहित्य मंच के संयोजक अनिल पांचाल सेवक ने किया।




### विश्व को किया प्रकाशमान

मुख्य अतिथि ने कहा कि वराहमिहिर स्वयं एक सक्षम साहित्यकार थे। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर शैलेंद्र शर्मा ने दिया कहा कि नवरत्नों में श्रेष्ठ रत्नशिरोमणि वराहमिहिर सिर्फ ज्योतिष के ज्ञानी ही नहीं थे, जिन्होंने अपने ज्ञान को धर्म और विज्ञान से जोड़कर ऐसे सिद्धांत प्रतिपादित किए, जिनकी रश्मियों से सम्पूर्ण विश्व प्रकाशमान हुआ है।

# चांदी के आभूषण धारण कर पालकी में विराजित होकर निकलेंगे वीर हनुमान

- 1 अप्रैल को कार्तिक चौक से यात्रा, अखाड़ा और ध्वज रहेंगे शामिल

**उज्जैन।** हनुमान जन्मोत्सव पर 1 अप्रैल को शाम 5 बजे कार्तिक चौक स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर से गादीपति महंत पुजारी पं. जस्सू गुरु महाराज के सानिध्य में पालकी यात्रा निकलेगी।



पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया निर्मोही अखाड़ा के महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज सहित अमंत्रित अतिथियों द्वारा श्री वीर हनुमान जी का पूजन, पालकी व ध्वज का पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। यात्रा में 11 ढोल, अखाड़ा, 1 ऊंट, 2 घोड़े, 1 बग्घी, 1 बैंड, 1 डीजे, बाबा की पालकी, 4 ई-रिक्शाओं व 1 मैजिक के रथ पर बाबा के श्रृंगार के चित्र व 4 धर्म ध्वजाएं शामिल रहेगी जो कि कार्तिक चौक, पानदरीबा, गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड, दानीगेट, गणगौर दरवाजा होकर पुन: कार्तिक चौक में समाप्त होगी।

## महानंदा नगर स्विमिंग पूल पर आज से

**उज्जैन।** महानंदा नगर स्पोर्ट्स एरिना स्थित स्विमिंग पूल पर 30 मार्च से तैराकी प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ होने जा रहा है। इस ट्रेनिंग कैंप में तैराकी विधा के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के तैराकों और अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रबंधक देवेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। इच्छुक नागरिक महानंदा नगर स्विमिंग पूल पर सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के ट्रेनिंग कैंप में प्रशिक्षण के लिए विशेष एक्सपर्ट मौजूद रहेंगे। तैराकी के शुल्क के संबंध में बताया गया कि मासिक शुल्क 1500 रुपये और तीन माह का एकमुश्त शुल्क 4000 रुपये निर्धारित किया गया है।

महाकाल के दर ... अनुपमा सीरियल से चर्चित हुई, 2020 में पहली बार आई महाकाल आई

# अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने की भस्मारती, बाबा के आशीर्वाद से मिली सफलता

**उज्जैन। महाकाल मंदिर में अभिनेता और नेताओं का आना निरंतर जारी है। सभी अपने लिए कामना लेकर पहुंचे रहे हैं। इसी क्रम में टीवी सीरियलों की सबसे चर्चित अभिनेत्री रूपाली गांगुली रविवार की अल सुबह उज्जैन आई। वे यहां भगवान महाकाल की भस्मारती में शामिल हुई। आरती के बाद उन्होंने गर्भगृह के बाहर से दर्शन कर आशीर्वाद लिया।**

लाल साड़ी में पहुंचीं रूपाली भक्ति में लीन नजर आई। पुजारी आशीष गुरु ने उनका पूजन संपन्न कराया। मीडिया से चर्चा में रूपाली ने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से ही वे अभिनय में सफल हुई है। जब भी मन विचलित होता है, मैं बाबा के पास आ जाती हूं। साल 2020 में पहली बार महाकाल आई थी। इसके बाद जब उनका चर्चित टीवी सीरियल अनुपमा आया तो उन्होंने इसे बाबा का ही आशीर्वाद माना।

महाकाल मंदिर के सुरक्षा गार्डों को आग बुझाने के तरीके सिखाए- महाकाल मंदिर में तैनात निजी एजेंसी के सुरक्षा गार्डों को आग बुझाने के तरीके सीखाए गए। इसके लिए महाकाल लोक परिसर में विशेषज्ञों ने शिविर लगाकर प्रशिक्षण दिया। मंदिर प्रशासन ने आग बुझाने के लिए परिसर में कई जगह पर फायर एक्सटिंग्विशर लगा रखे हैं लेकिन समय पर इन्हें चलाना भी आना चाहिए। इसके लिए समिति ने एक प्रशिक्षण शिविर लगाया जिसमें यंत्रों की नियमित जांच करना, इनके रखरखाव एवं आपातकालीन स्थिति में कैसे उपयोग में लाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन एसडीईआरएफ के प्रभारी पुष्पेंद्र त्यागी एवं उनकी टीम ने किया। प्रशिक्षण में मंदिर के सुरक्षा अधिकारी दिलीप बामनिया, सुरक्षा प्रभारी अनुराग चौबे एवं कोर कंपनी के सभी सुपरवाइजर उपस्थित रहे।



### विशाल भंडारा व मदिरा महायज्ञ 17 अप्रैल को

उज्जैन। काल भैरव घाट स्थित श्री बम-बम भूतेश्वर महादेव मंदिर में अघोर अखाड़ा उज्जैन एवं सेनापति काल भैरव गौसेवा संगठन उज्जैन के तत्वावधान में 8 से 17 अप्रैल तक अष्टधारा मदिरा महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। बाबा योगी विष्णु नाथ महाराज ने बताया कि महायज्ञ का मुख्य स्वरूप मदिरा अर्पण है। इसका मतलब नशा या दिखावा नहीं, भगवान काल भैरव के चरणों में समर्पित करना है।